**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 3 दिसंबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार किए जाने पर बल दिया।

2. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार साथी ऐप के माध्यम से जासूसी के आरोपों को खारिज किया। अब मोबाइल पर ऐप को पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य नहीं होगा।

3. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा - फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

4. मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किश्त जारी की।

5. शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा स्थानांतरण नीति को लेकर सूचीपत्र जल्द जारी किया जाएगा।

**************************************************************************राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसी समाज को सही मायने में तभी विकसित कहा जा सकता है जब दिव्यांगजनों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि उनके साथ दया नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा का व्यवहार किया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के पैरालंपिक खेलों में देश ने 29 पदक जीते, जो भारतीय पैरा-एथलीटों द्वारा स्थापित प्रगति के मानक को दर्शाता है।

***<u>समाज और सरकार की सजगता और सक्रियता के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में पेरालिंपिक्स में हमारे खिलाड़ियों ने 29 पदक प्राप्त किए थे। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं और प्रतिस्पर्धाओं को आयोजन करके सरकार द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।</u>***

**************************************************************************

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज विपक्ष के संचार साथी ऐप के माध्यम से जासूसी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस ऐप के साथ जासूसी न तो मुमकिन है और न ही होगी। आज लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए, श्री सिंधिया ने साफ किया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधा के हिसाब से पंजीकरण करके ऐप को एक्टिवेट कर सकते हैं और इसके फायदे उठा सकते हैं, और वे इसे कभी भी अपने डिवाइस से डीएक्टिवेट या डिलीट कर सकते हैं। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार ने नागरिकों को धोखाधड़ी वाली गतिविधियों से बचाने के लिए यह सुविधा दी है।

मंत्री ने कहा कि 2023 में संचार साथी पोर्टल के बाद 2025 में लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के इरादे से जारी की गई इस ऐप को डेढ़ करोड़ लोगों ने डाउनलोड किया है और संचार साथी पोर्टल पर बीस करोड़ हिट्स रिकॉर्ड किए गए हैं। श्री सिंधिया ने बताया कि इस पोर्टल और ऐप के आधार पर डेढ़ करोड़ धोखाधड़ी वाले मोबाइल फ़ोन कनेक्शन काट दिए गए हैं, जबकि 26 लाख चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट का पता लगाया गया, जिनमें से 7 लाख उनके मालिकों को वापस कर दिए गए हैं।

**************************************************************************

इस बीच संचार साथी ऐप की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल बनाने वालों के लिए इस ऐप को पहले से इंस्टॉल करना ज़रूरी न करने का फ़ैसला किया है। सरकार ने यह भी साफ़ किया कि लोग

जब चाहें ऐप हटा सकते हैं। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस ऐप के इस्तेमाल में 10 गुना बढ़ोतरी है। यह ऐप सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ़ लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है।

****************************************************************************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

*हमें सोशल मीडिया पर, फेक न्यूज पर, एआई जनरेटिड डीप फेक पर स्ट्रिक्ट एक्शन लेने की जरूरत है। जिस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके एक तरीके से कई तरीके के इको सिस्टम बन गए हैं जो कि भारत के संविधान को फॉलो नहीं करना चाहते, बहुत तरह से इस पार्लियामेंट द्वारा बनाए गए कानून को भी पालन नहीं करना चाहते उसमें स्ट्रिक्ट एक्शन लेने की और कड़े नियम बनाने की सख्त जरूरत है।*

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार और भारतीय प्रेस परिषद दोनों ही किसी भी टीवी चैनल या समाचार पत्र के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं।

****************************************************************************

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज महिलाओं के लिए शुरू की गई लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किश्त जारी की। मुख्यमंत्री ने डिजिटल माध्यम से प्रत्येक  पात्र महिला के खाते में 2100 रुपये हस्तांतरित किए।लक्ष्मी लाडो

योजना की पहली किस्त पहली नवंबर को जारी की गई थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा की योजना की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी है। उन्होंने सभी लाभार्थी महिलाओं से कहा कि हर तीन महीने में यह राशि नियमित रूप से जारी की जाएगी।

**********************************************************************

केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि देशभर में शत-प्रतिशत राशन कार्ड अब डिजिटल हो चुके हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री जोशी ने कहा कि लगभग सभी 20 करोड़ 58 लाख घरेलू राशन कार्ड डिजिटल हो गये हैं।

***<u>2020 में कोविड के समय से ले के 2029 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत हम सबको अनाज बांट रहे हैं और 20 प्वांइट 5-8 करोड़ राशनकार्ड्स एंड सेवन प्वाइंट टू करोड़ बेनिफिशियरी आज डिजिटलाइज है। आज आलमोस्ट हंडरेड परसेंट डिजिटलाइजेशन कर के हम आगे बढ़ रहे हैं।</u>***

**********************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज पंचकूला के शिक्षा सदन में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।
बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि बैठक में मुख्यत: स्थानांतरण नीति को लेकर निर्णय लिया गया। इसके अलावा डिजिटल स्मार्ट रुम, बकाया चिकित्सा बिल, जर्जर स्कूलों को फंड जारी करने सहित कई छोटे बड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई है।

फतेहाबाद के निजी स्कूल में एक बच्ची के साथ दुर्व्यवहार पर उन्होंने कहा कि इसकी जांच रिपोर्ट मंगवाई जाएगी। यह अशोभनीय है, अधिकारियों को ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

******************************************************************

अर्थ एवं सांख्यिकी कार्य विभाग द्वारा आज पलवल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक राजेंद्र सिंह भाटिया तथा जिला सांख्यिकी अधिकारी संजय गुप्ता द्वारा की गई।

उन्होंने कहा कि कोई भी देश या राज्य बिना सटीक आंकड़ों के तरक्की नहीं कर सकता।

******************************************************************

नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आज शीतकालीन पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर तथा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया। इस दौरान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में नगर निगम ने लगभग 5 लाख फूलों के पौधों का वितरण किया। निगम द्वारा इस वर्ष कुल 17 करोड़ शीतकालीन फूलों के पौधे शहरवासियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

******************************************************************